# डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के अनुभव किए साझा

## मंत्री टेटवाल बोले- कौशल युवाओं के लिए सशक्तिकरण का मिशन

**भोपाल, 29 सितंबर. कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि विभिन्न राज्यों और संस्थानों की सक्रिय भागीदारी हमारे मज़बूत स्किलिंग इकोसिस्टम की झलक है. उन्होंने कहा कि अवार्डिंग बॉडीज और असेसमेंट एजेंसियों के लिए नए मानक तय किए गए हैं.**

योग्यताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यताओं के ढाँचे (एनएसक्यूएफ) से जोड़ा गया है साथ ही प्रशिक्षकों व अवसरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था को सशक्त बनाया गया है. मंत्री टेटवाल ने कहा कि ये सुधार न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ा रहे हैं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स और जीवन कौशल के माध्यम से आधुनिक उद्योगों और तकनीकी क्षेत्रों में नए अवसर भी खोल रहे हैं.

उन्होंने मध्यप्रदेश की पहल, जैसे संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क और राज्य कौशल विकास मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि कौशल विकास एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सशक्तिकरण का मिशन है, जो विकासित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएगा.



नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी), भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ( एमएसडीई) द्वारा मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल के सहयोग से सोमवार को सेंट्रल जोन के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग एवं अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. वर्कशॉप का उद्देश्य कौशल विकास एवं प्रशिक्षण (वीईटी) इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाना, गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करना और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी ( एनईपी) 2020 के अनुरूप वोकेशनल एजुकेशन के एकीकरण को गति देना है.

> केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने वीडियो संदेश में कहा कि कौशल विकास केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता है और भारत के भविष्य को गति देने वाली ताकत है. तकनीकी सत्रों में एनसीवीईटी, एमएसडीई और विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रक्रियागत सुधार, सामान्य लागत मानक, और केंद्र-राज्य स्किलिंग पहलों के समन्वय पर विस्तृत विचार साझा किए. पैनल चर्चाओं में शिक्षा और उद्योग के विशेषज्ञों ने वोकेशनल एजुकेशन को उच्च शिक्षा और सामान्य शिक्षा के साथ जोड़ने, नवाचार अपनाने और युवाओं को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करने की दिशा में विचार प्रस्तुत किए. वर्कशॉप में सभी प्रतिभागियों ने इस संकल्प को दोहराया कि सरकार, नियामक संस्थाएं, उद्योग और शिक्षा जगत मिलकर केंद्रीय क्षेत्र में एक भविष्य कार्यबल तैयार करेंगे और भारत को वैश्विक कौशल शक्ति बनाने में सहयोग करेंगे.

# शिक्षक संघ ने डीए एरियर भुगतान के लिए ज्ञापन सौंपा

**बैरसिया, 29 सितंबर. मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षक संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा और जिला सचिव वालेंदु सिंह की उपस्थिति में शिक्षकों के डीए एरियर की राशि का भुगतान दीपावली से पहले किए जाने की मांग का ज्ञापन बीईओ रामनारायण को सौंपा.**



तहसील अध्यक्ष शुक्ला ने बताया कि शासन द्वारा जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत एव जनवरी 2025 से 5 प्रतिशत डीए अंतर की राशि जो पांच समान किस्तों में दिए जाने का आदेश दिया था, जिसका पालन अभी तक नहीं हुआ है. शिक्षक संघ की मांग है कि सभी शिक्षक संवर्ग को दीपावली पर्व के पहले डीए एरियर का भुगतान किया जाए. इस अवसर पर विकासखंड अध्यक्ष संतोष जैन, सचिव विजेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, नगर सचिव शिशुपाल सिंह राजपूत, मदन गोपाल नामदेव, राकेश शुक्ला, जनशिक्षक शिवनारायण पाल, पर्वत सिंह राजपूत, रामदन्त जमुरिया, राजेश जाट, तारान सिंह , वीनेश यादव सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद थे.

# शिवांग होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में रजिस्ट्रेशन अटका

▶ **स्टूडेंट्स ने किया कॉलेज में प्रदर्शन**

**भोपाल, 29 सितम्बर. साढ़े पांच साल की मेहनत से बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी ( बीएचएमएस ) की डिग्री करने वाले बीते तीन साल से बेरोजगार हैं. पहले एलबीएस और अब शिवांग होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से पास हुए छात्रों ने इसको लेकर अपनी आवाज बुलंद की है.**

उन्होंने सोमवार को शिवांग कॉलेज में धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान स्टूडेंट्स ने वीडियो भी बनाया जिसमें प्रबंधन से लेकर स्टाफ नदारद नजर आ रहे हैं. वहीं, छात्र कॉलेज के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं. इस दौरान ईश्वर, प्रहलाद,पंचम, राहुल, रूपेश, सनेहा समेत करीब 25 से 30 स्टूडेंट मौजूद थे. स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि, रजिस्ट्रेशन ना होने से करीब 150 स्टूडेंट प्रभावित हैं. कहा, परीक्षा पास, इंटर्नशिप पूरी और डिग्री हाथ मेंज इसके बावजूद डॉक्टर बनने का सपना अभी भी अधूरा. रजिस्ट्रेशन तीन साल से अटका पड़ा है.

> बिना रजिस्ट्रेशन के ये छात्र न नौकरी कर सकते हैं, न क्लिनिक खोल सकते हैं और न ही आगे एमडी की पढ़ाई कर सकते हैं. स्टूडेंट्स ने कहा कि आज मजबूर होकर छात्रों ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन तो किया है. अब हमारी बात नहीं सुनी जाएगी या हमारा रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जाता है तो आमरण अनशन करेंगे.

# दुर्गा व दशहरा चल समारोह मार्ग का निरीक्षण

**भोपाल.** भोपाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ दुर्गा विसर्जन और दशहरा चल समारोह मार्ग का निरीक्षण किया. इस दौरान पीडब्ल्यूडी, पुलिस और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. निरीक्षण की शुरुआत सेंट्रल लाइब्रेरी से हुई और इसके बाद बांके बिहारी मंदिर से घोड़ा नक्कास तक पूरे मार्ग का जायजा लिया गया. तिवारी ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि चल समारोह के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सड़क पर बड़े गड्ढों को तुरंत भरवाया जाए. मार्ग में लटक रहे बिजली और अन्य तारों को ऊपर उठाने और पेड़ों की निकली डालियों की छटाई करने के निर्देश भी दिए गए. इसके अलावा रास्ते में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसी भी असामाजिक तत्व की घुसपैठ रोकने के लिए सख्त निगरानी रखने पर जोर दिया गया. उन्होंने कहा कि दुर्गा विसर्जन और दशहरा चल समारोह भोपाल की सांस्कृतिक पहचान हैं. इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरे मार्ग पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहे.

# हमीदिया कॉलेज बिल्डिंग का हिस्सा ढहा

**भोपाल. प्रधानमंत्री एक्सीलेंस हमीदिया कॉलेज के जर्जर भवन का हिस्सा सोमवार को गिर गया. गनीमत यह रही कि मौके पर क्षतिग्रस्त गलियारे में कोई मौजूद नहीं था. हालांकि, प्रधानाचार्य अनिल सेवानी के मुताबिक हादसे से 10 मिनट पहले ही वे यहीं से गुजरे थे.**

हमीदिया कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि जर्जर भवन की मरम्मत को लेकर कई बार पूर्व में पत्र लिखे गए थे. लेकिन, उनपर कोई कार्रवाई नहीं हुई. पहले कॉलेज सिर्फ आर्ट और कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए था. बाद में इसमें साइंस से जुड़े कोर्स भी शुरू किए गए, जिसके कारण यहां बच्चों की क्लासेस लगाने के लिए जगह कम पड़ रही थी. अभी हादसा हो जाने के बाद प्रभावित हिस्से में मौजूद ऊपरी क्लासों में भी कक्षाएं नहीं लगा सकेंगे.

हमीदिया कॉलेज को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज का दर्जा दिया गया है. इसके बाद अब तक यहां जरूरी निर्माण कार्य नहीं हो सके हैं. जिससे एक्सीलेंस कॉलेज का लाभ बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है.

# स्टूडेंट्स को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

**भोपाल, 29 सितंबर. सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को ओरिएंटल कॉलेज एवं बैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.**



कार्यक्रम की शुरुआत संस्कार पब्लिक स्कूल, बैरागढ़ से हुई, जहां डॉ. सुधीर शर्मा द्वारा छात्रों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर सचिव बसंत चेलानी, बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निशा सक्सेना, डॉ. सत्येंद्र सिंह बघेल, श्री मोहन सिंह लोधी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. यहां 530 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया.

# सांसद सत्संग भवन के लिए देंगे 10 लाख रुपये

## आलोक शर्मा ने भगवान परशुराम के किए दर्शन

**बैरसिया, 29 सितंबर. भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा सोमवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए. सांसद शर्मा क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री के साथ बैरसिया स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे.**



जहां उनका ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष जगदीश गूदेनिया के नेतृत्व में सकल ब्राह्मण समाज बैरसिया द्वारा साफा बांध पहनाकर स्वागत किया. इस अवसर पर सांसद शर्मा ने परशुराम मंदिर के समीप सत्संग भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की. ब्राह्मण परिषद ने सांसद का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर परशुराम सेना अध्यक्ष पंडित विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष रानू विजय शर्मा, परिषद के वरिष्ठ संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा, मोहन शर्मा, अविनाश उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, पंडित प्रमोद शास्त्री, शुभम तिवारी, मोहन दुबे नजीराबाद, ब्रजेश शर्मा, जिला मंत्री नीतू शर्मा, महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष शीला ओमप्रकाश शर्मा, सुनीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे.

# सिर्फ डिग्री नहीं, खुद के कौशल को भी निखारें

## एनआईटीटीटीआर में विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल, 29 सितंबर. एनआईटीटीटीआर भोपाल को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद संस्थान में प्रारम्भ हुए पीएचडी, एमटेक, एमएससी प्रारम्भ हुए है. संस्थान द्वारा नए विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया.**




इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी और मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद एवं अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्याभारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें शैक्षिक यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया.

भटनागर ने विद्यार्थियों को स्व-रोज़गार के अवसरों के बारे में बताते हुए कहा कि वे केवल डिग्री प्राप्त करने के साथ-साथ अपने उद्यमिता कौशल को भी विकसित करें. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शैक्षिक जीवन के साथ-साथ अपने व्यावसायिक और व्यक्तिगत कौशल को भी बढ़ावा दें.

> निटर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा, आज के समय में केवल अहर्ता की ही नहीं, बल्कि दक्षता की भी आवश्यकता है. कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को संस्थान की लाइब्रेरी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रयोगशाला और शोध केंद्रों का भ्रमण कराया गया, ताकि वे संस्थान के अत्याधुनिक शैक्षिक और शोध कार्यों को समझ सकें. संस्थान के प्रत्येक विभाग एवं केंद्र ने अपने-अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं हाई-टेक लैब्स के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की.

# परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तार आज

**भोपाल.** परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण का लोकार्पण मंगलवार 30 सितम्बर को दोपहर 3 बजे परिवहन स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे. लोकार्पण समारोह क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कोकता, भोपाल में आयोजित किया गया है. फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण का मकसद पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यावसायिक दक्षता के साथ सेवाओं का विस्तार करना है. कार्यक्रम में हेलमेट एवं राहवीर पुरस्कार वितरण, फेसलेस सेवाओं पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा. कार्यक्रम में सचिव परिवहन विभाग एवं आयुक्त परिवहन भी मौजूद रहेंगे.

# सकारात्मक सोच से हम बढ़ सकते हैं आगे : मुनिश्री

## प्रमाण सागर महाराज ने पुणे से आए युवाओं की शंका का किया समाधान

**भोपाल, 29 सितंबर. अवधपुरी स्थित विद्यासागर संस्थान में जैन धर्म संघ पुणे से बड़ी संख्या में आए युवक एवं युवतियों की शंकाओं का मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने समाधान किया.**



प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया युवक-युवतियों ने मुनिश्री से जैन धर्म का इतिहास तथा जैन धर्म का विखंडन का प्रश्न रखा, जिनका सटीक उत्तर देते हुये मुनि श्री ने कहा संकीर्ण मानसिकता और नकारात्मक सोच जैन धर्म की प्रगति में पहले भी बाधक थी, और आज भी है, यदि हम सकारात्मक सोच और सावधानी के साथ आगे बढ़ेंगे तो हम हो रहे विखंडन को रोक सकते हैं. कदाचित हम यदि बिखराव को रोकने में सफल न भी हो पाये तो इतिहास हमें तोड़ने वालों में नहीं, जोड़ने वालों में याद रखेगा.

> उन्होंने आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज का एक मंत्र कैंची नहीं सुई बनो कविता सुनाते हुये कहा कि कैंची का काम सीधा काटना होता है, जब कि सुई का काम है सीना और जोड़ना, कैंची चलाना बहुत सरल है, सुई को चलाना थोड़ा कठिन है. कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री संधान सागर महाराज ने किया.

# तिरंगे से सजा मंदिर, बांटी मिठाई

**भोपाल.** भारतीय क्रिकेट टीम की एशिया कप 2025 में धमाकेदार जीत का जश्न राजधानी में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. बरखेड़ी स्थित श्री नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में इस उपलक्ष्य में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया. श्रृंगार में तिरंगे से मंदिर को सजाया गया. मंदिर समिति ने बताया कि भारतीय टीम की जीत के लिए पहले सामूहिक प्रार्थना की गई थी. टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत के बाद श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह है.श्रद्धालुओं ने जीत की खुशी में भोलेनाथ को भोग अर्पित किया और मिष्ठान वितरण किया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

MOHAMMAD ASHRAF KHAN S/O MOHAMMED GULAM NABI KHAN आयु व्यस्क निवासीः 133 महावीर वार्ड न 3 मढ़ईपुरा रायसेन मेरे पासपोर्ट में पहले मेरी पत्नी का नाम FARHANA KHAN दर्ज था जो की बदल कर मेरी पत्नी का नाम FARHANA YASMEEN KHAN हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

**नाम व जन्म तारीख परिवर्तन**

मैं श्रीमती बेगम शाहीना पत्नी नंबर 14646685 डब्लू स्वर्गीय सिपाही शमीम खान जो कि 13, रेत घाट, फूल महल स्ट्रीट, मोती मस्जिद के पास भोपाल म.प्र. 462001 के पते पर रह रही हूं. अपनी पुत्री LAIBA का नाम LAIBA KHAN परिवर्तित कर रही हूं. साथ ही उसकी जन्म तारीख 1 सितंबर 2008 से 30 दिसंबर 2009 परिवर्तित कर रही हूं. इसके लिए शपथ पत्र क्रमांक BW 208985 दिनांक 23 सितंबर 2025 संलग्न कर रही हूं.

R.N.- 57621

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (MP)**
**GARDEN SECTION**
**SECTION 1**
**Notice Inviting e-Tenders (FIRST CALL)**

**N.I.T.NO:105/GS/BMC/2025** **Dated: 26.09.2025**

Online percentage/ item rate bids for the following works are invited from registered Contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S.No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Period of Completion (In Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_453185_1 | Construction Maintenance work of Veer Savarkar Park Ward 44, Zone 12 | 14,53,800 | 10,903 | 2000/- | 45 DAYS | MPUADD BUILDING SOR AND NON-SOR |

1. Interest bidders can view the NIT on website **https://www.mptenders.gov.in/**
2. The Bid Document can be purchased only online

**T.N. 2507/025/026**

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Bhopal**
**District, Bhopal**

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड**

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**कार्पोरेट आफिस:** 503 एवं 504, पांचवी मंजिल, जी ब्लाक, इन्सीप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (ई) मुंबई- 400051
**रजि. आफिस:** कमरजोन आईटी पार्क, टॉवर-बी, प्रथम तल नं. 111, माउंट पूनमल्ली पूरुर चेन्नई-600116, तमिलनाडु

**अचल संपत्ति के लिए कब्ज़ा नोटिस [ ( परिशिष्ट IV ) नियम 8( 1 ) ]**

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, जो एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है [ राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ विधिवत पंजीकृत ( आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली ) ] ( इसके बाद इसे 'एसएमएचएफसी' के रूप में जाना जाता है ) वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का 54 ), और सुरक्षा हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 ( 12 ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया. उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 2 ) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांक में आपसे उधारकर्ता ( नीचे उल्लिखित नाम ) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है. राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने निम्न के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है, सुरक्षा हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 उपधारा ( 4 ) के तहत. विशेष रूप से यहां ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति और इसके साथ कोई भी लेन-देन न करें. संपत्ति नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए 'एसएमएचएफसी' के शुल्क के अधीन होगी.

| क्र. | उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन- 604439211638189 1. मोहम्मद नईम 2. रेशमा उर्फ साइमा 3. धीरज कुमार लोकवानी | एक आवासीय फ्लैट संख्या T-1, तीसरी मंजिल का वह पूरा टुकड़ा जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1071 वर्ग फुट या 99.54 वर्ग मीटर है. यह प्लॉट संख्या 25, ओम मार्ट में स्थित है. डाकघर के पास, शाहजहाँनाबाद, नगर निगम वार्ड संख्या 9/10, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) - 462001. इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- नीचे की ओर सड़क, पश्चिम- सामान्य मार्ग और सीढ़ियाँ, उत्तर- रमेशचंद मेडिकल की भूमि, दक्षिण- सामान्य मार्ग (नीचे की ओर) | 14.07.2025 25.07.2025 तक रुपये 25,72,300/- (रुपए पच्चीस लाख बहत्तर हजार तीन सौ मात्र) | 25.09.2025 |

स्थान- भोपाल, मध्यप्रदेश
दिनांक- 25-9-2025

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड

प्रदर्शन ▶ केंद्रीय कृषि मंत्री को काले झंडे दिखाने की दी चेतावनी

# खाद के लिए किसानों ने दो बार लगाया जाम

**बेगमगंज, 29 सितंबर. क्षेत्र में अति वर्षा से जहां सोयाबीन आदि की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं या किसान बोवनी नहीं कर पाए ऐसे दर्जनों किसानों ने आगामी फसलों को लेकर खाद लेने के लिए वेयरहाउस में सुबह 4 बजे से लाइन लगाना शुरू किया लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हुई, तब आक्रोशित किसानों ने मुख्य सागर भोपाल मार्ग पर जाम लगा दिया.**



करीब एक घंटे तक चले जाम में दर्जनों वाहन सड़क के दोनों और फंसे रहे. स्कूलों के बच्चों के पेपर समाप्त होने के बाद बच्चे जाम में फंसे रहे पालक अपने बच्चों को नहीं ले जा पाए .तब कहीं जाकर एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रमोद उईके, सब इंस्पेक्टर आरके चौधरी, संदीप पवार, जितेंद्र रावत, मो. शम्श आदि की समझाइश पर किसानों ने जाम समाप्त किया और वेयरहाउस पर टोकन लेने लाइनों में धक्का मुक्की करने लगे, तब कुछ किसानों ने आक्रोशित होकर कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह तोमर को बुला भेजा. उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, प्रकाश पटेल, संजय राय, रशीद मंसूरी गोविंद साहू ने पहुंचकर किसानों से बात की और खाद की स्थाई समस्या के समाधान को लेकर किसानों को साथ लेकर दोबारा सागर भोपाल मार्ग जाम कर दिया.

> आक्रोशित किसानों ने बताया कि आठ दिन पहले टोकन देकर सोमवार के दिन खाद देने का बोला गया था लेकिन कहा गया कि पहले के किसानों को खाद दी जाएगी आपको नहीं जिससे किसान भड़क गए.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नारायण अरोरा पुत्र ठाकुर दास, निवासी मं नं. 179, गुरूद्वारा रोड, बस स्टैण्ड के पास, मेढौली, कोल्लिएरी, सिंगरौली, म.प्र. । यह कि मेरी पुत्री की कक्षा 10 की अंकसूची में त्रुटिवश मान्या अरोरा (MANYA ARORA) पुत्री रोहित अरोरा (ROHIT ARORA), नाम दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य शैक्षिणक दस्तावेजों में मान्या अरोरा (MANYA ARORA) पुत्री नारायण अरोरा (NARAYAN ARORA), नाम दर्ज है, जो कि सही है, अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में सही नाम मान्या अरोरा (MANYA ARORA) पुत्री नारायण अरोरा (NARAYAN ARORA) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।